मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्ज़ापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**




वर्ष - 10 | अंक - 46 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 7 अगस्त से 13 अगस्त 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## लिव-इन पार्टनर की हथौड़ा मारकर हत्या

**डोंबिवली :** कल्याण शहर में दो सगे भाइयों ने एक दोस्त के साथ मिलकर अपनी बहन के लिव-इन पार्टनर की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी हत्या करने के बाद दोनों भाइयों ने लाश को नदी में फेंक दिया। पुलिस नदी में लाश की तलाश कर रही है। कल्याण पुलिस ने शनिवार को अपराध में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक शहबाज शेख आरोपियों की बहन मुमताज के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहता था। मुमताज का चार साल पहले तलाक हो चुका है।

शहबाज और मुमताज के बीच में अक्सर झगड़े होते थे, जिससे उससे भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिलकर शहबाज को सबक सिखाने का फैसला किया। सबक सिखाने के इरादे से मुमताज के दोनों भाई शोएब शेख, इरशाद शेख और उनका दोस्त हेमंत बिचवड़े शहबाज को रिक्शे में बैठाकर एक सूनसान जगह ले गए, जहां पर उन्होंने शहबाज के साथ मारपीट की और उसके सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को



कोई सबूत न मिल सके इसलिए उन्होंने लाश को उल्हास नदी में फेंक दिया था। शहबाज के अचानक गायब हो जाने पर उसके पिता ने शुक्रवार को खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में शियाकत दर्ज कराई। इसके बाद सब-इंस्पेक्टर सरजेराव पाटिल ने एक टीम के साथ जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मुमताज के दोनों भाइयों और दोस्त से पूछताछ की। उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। तीनों के खिलाफ हत्या और अन्य धाराओं के तहत FIR दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है

# तीन साल में 7092 किसानों ने की खुदकुशी

## खराब मौसम से किसान उलझे कर्ज के जाल में...

**मुंबई :** विधानसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में सरकार ने जानकारी दी कि 1 जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2022 के बीच अमरावती, नागपुर और औरंगाबाद विभागों में कुल 7092 किसानों ने आत्महत्या की है। कुणाल पाटिल, सुलभा खोडके सहित अन्य सदस्यों के सवाल के जवाब में मदद और पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल ने माना कि लगातार हो रही बेमौसम बारिश, ओला वृष्टि और अपर्याप्त बारिश की वजह से किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है और किसान दिन-प्रतिदिन कर्ज के जाल में उलझ रहे हैं।



मंत्री ने लिखित उत्तर में कहा कि राज्य में पिछले 3 साल अर्थात 1 जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2022 के बीच अमरावती विभाग में 3452, नागपुर विभाग में 957 तथा मराठवाडा विभाग में 2683 किसानों की आत्महत्या पंजीकृत की गई है। आत्महत्याओं की जांच में पाया गया कि लगातार अपर्याप्त, कर्ज बाजारी सहित कर्ज के ताकदे की वजह से अमरावती में 1404, नागपुर में 317 तथा मराठवाडा में 2110 किसानों ने खुदकुशी की है। मंत्री ने इस बात को स्वीकार किया कि कम कृषि, शाश्वत सिंचन का अभाव, बदलते मौसम, निवेश और श्रम की तुलना में कृषि आय नहीं मिलने, कृषि उत्पादों को उचित मूल्य नहीं मिलने, कर्ज के जाल में उलझने की वजह से किसान आर्थिक दिक्कतों में फंस गए हैं।


### तत्कालीन विभागीय आयुक्त औरंगाबाद की रिपोर्ट खारिज...!

**पाटिल ने लिखित उत्तर में कहा कि विभागीय आयुक्त औरंगाबाद ने मदद और पुनर्वास विभाग को 30 जून 2023 को भेजी रिपोर्ट में किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए कई योजनाएं बंद कर खरीफ और रबी मौसम में प्रति एकड़ 10 हजार रुपए का अनुदान देने की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि तत्कालीन विभागीय आयुक्त औरंगाबाद के तेलगांना की तर्ज पर प्रति एकड़ 10 हजार रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी देना संभव नहीं है। केंद्र की प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को हर साल 6 हजार रुपए दिए जाते हैं। इसके अलावा राज्य सरकार की तरह से नमो किसान महासम्मान योजना के तहत हर साल 6 हजार रुपए देने के लिए 6060 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।**

## मशीन वितरण प्रोग्राम पर खर्च हुए 2 करोड़...

**मुंबई :** मनपा प्रशासन सिलाई मशीन, घर घंटी और मसाला पीसने की मशीन के वितरण प्रोग्राम पर लगभग 2 करोड़ रुपया खर्च कर दिया है। जबकि अभी तक इस तरह के प्रोग्राम नगरसेवक अपने वार्ड में अपने स्तर पर करते थे और गरीब परिवार को उसका फायदा मिल जाता था। इस बार मनपा में नगरसेवक नहीं होने से राज्य सरकार ने यह कार्यक्रम किया जिसकी भव्यता काफी थी। मनपा ने इस प्रोग्राम के आयोजन पर पैसे खर्च किए जिसकी जानकारी आरटीआई से सामने आई है। एफ नार्थ वार्ड ने प्रोग्राम के आयोजन पर हुए खर्च का विवरण दिया है।

बता दे कि चूनाभट्टी स्थित सोमैया मैदान 13 मई 2023 को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में गरीब महिलाओ को उनके स्वबल पर खड़ा होने के लिए मनपा ने सिलाई मशीन, घर घंटी और मसाला पीसने की मशीन आदि का वितरण किया। मनपा प्रशासन हर साल नियोजन विभाग की ओर से इस तरह गरीब महिलाओ को उन्हें उनके पैर पर खड़ा होने के लिए और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए शिलाई मशीन घर घंटी सहित अन्य साहित्य उपलब्ध कराती रहती है। महिलाएं स्वावलंबी बनें, उनका



विकास हो, उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे, विकास कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी हो, इसके लिए मनपा द्वारा जेंडर बजट के तहत विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# लोकप्रिय कर्मयोगी, कर्मठ व्यक्तित्व- अनंत लाल शर्मा (कार्याध्यक्ष - अखिल भारतीय सविता महासंघ)

**जिनके** जीवन ने सामाजिक उपलब्धियों के तौर पर देश के सविता समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। जिस महान व्यक्ति की बात की जा रही है वह कोई और नहीं बल्कि अनंतलाल शर्मा कार्याध्यक्ष अखिल भारतीय सविता महासंघ है, एक असाधारण व्यक्ति जो समर्पण, दृढ़ता और नेतृत्व का सार प्रस्तुत करते है। 8 अगस्त 1963 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला के केराकत तहसील में जन्में अनंतलाल का बचपन साधारण परिस्थितियों में बीता, उन्होंने कई चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना किया, जो आगे चलकर उनके चरित्र को आकार दिया।

अपने पूरे जीवन में, अनंत लाल ने अपने जुनून और विश्वासों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कम उम्र से ही, उन्होंने असाधारण बुद्धिमत्ता और ज्ञान की प्यास प्रदर्शित की, जिसके कारण उन्हें माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की। उनकी शैक्षणिक यात्रा ने बाद मुंबई शहर में अपनी सामाजिक उपलब्धियों की नींव रखी।

अनंत लाल शर्मा के जीवन के परिभाषित पहलुओं में से एक राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष अखिल भारतीय सविता महासंघ के रुप में संस्था को अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देते हुए निरंतर सविता समाज कल्याण के लिए प्रशस्त हैं कड़ी



मेहनत और दृढ़ संकल्प के माध्यम से, उन्होंने अभूतपूर्व नवाचार हासिल किए और महत्वपूर्ण योगदान से सविता समाज में क्रांति ला दी। उनकी सरलता और दूरदर्शिता ने उन्हें कई प्रशंसाएं और समाजिक पुरस्कार दिलाए, लेकिन उनकी सच्ची पूर्ति लोगों के जीवन पर उनके सकारात्मक प्रभाव से हुई।

हालाँकि, अनंतलाल की महानता उनकी सामाजिक उपलब्धियों से कहीं आगे तक फैली हुई है। वह एक परोपकारी आत्मा है, जो वंचित और जरूरतमंद सविता समुदाय के उत्थान और उनके दिल के करीब के मुद्दों का समर्थन करने के उद्देश्य से विभिन्न धर्मार्थ पहलों और संगठनों में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

अपनी प्रतिभा के अलावा, अनंतलाल एक विनम्र और मिलनसार व्यक्ति है, जो हमेशा दूसरों को सलाह देने और प्रेरित करने के लिए तैयार रहते हैं। कई लोगों ने सहानुभूति के साथ नेतृत्व करने और अपने आस-पास के लोगों को सशक्त बनाने, उनकी टीमों के भीतर एकता और उद्देश्य की भावना को बढ़ावा देने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की।

अनंतलाल शर्मा का 8 अगस्त को जन्मदिन है। उन्हें जानने वाले लोगों और उनके द्वारा प्रभावित व्यापक समुदाय के दिलों में एक जश्न का माहौल है।

अनंत लाल कि जीवन यात्रा हममें से प्रत्येक के भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाने और एक स्थायी विरासत छोड़ने की क्षमता के प्रमाण के रूप में कार्य करता है। उनकी उल्लेखनीय यात्रा इस बात की स्मृति है कि महानता केवल उपलब्धियों से नहीं मापी जाती, बल्कि दूसरों पर हमारे प्रभाव से भी मापी जाती है।

**प्रस्तुति-अनिल शर्मा,**
**प्रबंध संपादक**

## धूमधाम से मनाया गया मौलिक अधिकार पार्टी का 16 वॉं स्थापना दिवस



**अयोध्या।** मौलिक अधिकार पार्टी का 16 वॉं स्थापना दिवस मौलिक अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष जंग बहादुर कोरी के नेतृत्व में प्रेस क्लब अयोध्या में धूमधाम से मनाया गया इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कमलेश कुमार गौतम तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रवक्ता मेवालाल यादव शामिल हुए। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारियों ने केक काटकर एवं एक दूसरे को केक खिलाकर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया वही कार्यक्रम के दौरान पार्टी के लोगों के साथ बैठक कर विचार परामर्श किया गया पार्टी के जिला अध्यक्ष जंग बहादुर कोरी ने बताया कि आज पार्टी का 16 वां स्थापना दिवस के काटकर प्रेस क्लब में मनाया गया। जिसमें जिले व प्रदेश के सभी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि हमारी मौलिक अधिकार पार्टी सभी के हक की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है. जो 2024 में पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़े और हम लोग 2024 के चुनाव की पूरी तैयारी कर रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम दौर गौतम, प्रदेश महासचिव राम बहादुर शर्मा, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव रमेश कुमार रावत, प्रदेश संगठन सचिव एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कंचन यादव, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, सुरेश कुमार बौद्ध जगन्नाथ विश्वकर्मा अवधेश शर्मा, अनिल कुमार नंद, शीला राजवंशी, विमला भारती, सुशीला गौड़, आदि पार्टी के सम्मानित गण मौजूद रहे।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### मुकदमों की बढ़ती संख्या

यह तथ्य चकित करने वाला है कि 6.3 लाख मुकदमों में पक्षकार केंद्र सरकार है। जब केंद्र सरकार इतने अधिक मुकदमे लड़ रही है तो फिर यह सहज ही समझा जा सकता है कि राज्य सरकारें भी बड़ी संख्या में मुकदमे लड़ रही होंगी। वास्तव में इस एक कारण से भी निचली अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक हालिया आंकड़े के अनुसार हर तरह के न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या पांच करोड़ से अधिक पहुंच गई है। यह आंकड़ा यह भी बताता है कि लंबित मुकदमों की संख्या कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है–न केवल निचली अदालतों में, बल्कि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में भी। निचली अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। पांच साल पहले निचली अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या 2.9 करोड़ थी। अब उनकी संख्या 4.4 करोड़ पहुंच गई है। यह स्थिति गहन चिंता का विषय बननी चाहिए, क्योंकि इससे यही पता चलता है कि न्यायिक व्यवस्था चरमरा रही है। नि:संदेह उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में भी स्थिति संतोषजनक नहीं, क्योंकि वहां भी लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ रही है। लंबित मुकदमों की बढ़ती संख्या का एक कारण न्यायाधीशों और संसाधनों की कमी बताई जाती है। नि:संदेह यह एक कारण है, लेकिन इसे एकमात्र कारण नहीं कहा जा सकता। लंबित मुकदमों का बोझ बढ़ते चले जाने का एक और प्रमुख कारण है तारीख पर तारीख का सिलसिला। न जाने कितने मामले ऐसे हैं, जिनका निस्तारण दो–चार वर्ष में हो जाना चाहिए, पर वे दशकों तक लटके रहते हैं। यही स्थिति उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में भी है। पांच करोड़ मुकदमे लंबित रहने का मतलब है कि इससे कहीं ज्यादा लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत हैं, क्योंकि कई मामलों में एक से अधिक लोग अदालती कार्रवाई का सामना कर रहे होते हैं। यह एक तरह से न्यायिक व्यवस्था की ओर से किया जाना वाला उत्पीड़न है। खेद की बात यह है कि इस उत्पीड़न में सरकारें भी शामिल हैं।

क्या इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ हो सकता है कि सरकारें अपने ही लोगों को मुकदमेबाजी में उलझाए रहें? लंबित मुकदमों के निस्तारण में देरी से केवल लोगों का न्यायिक तंत्र पर भरोसा ही कमजोर नहीं होता, बल्कि देश की प्रगति भी बाधित होती है, क्योंकि करोड़ों लोग काम–धंधे पर ध्यान देने के बजाय अदालतों के चक्कर लगाते हैं और अपने समय के साथ धन की भी बबार्दी करते हैं। नीति–नियंताओं की ओर से इस तरह की जो बातें रह–रहकर की जाती हैं कि लंबित मुकदमे एक बड़ी समस्या हैं और न्याय में देरी अन्याय है, उनसे देश की जनता आजिज आ चुकी है, क्योंकि तमाम चिंता जताए जाने के बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। आखिर उस चिंता का क्या मूल्य–महत्व, जो समस्या के समाधान में सहायक न बने?

# दिनेश चंद्र शर्मा संस्था अध्यक्ष भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जौनपुर उत्तर प्रदेश ने जताया आभार

**जौनपुर,** हमारे पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के तहसील लम्भुआ के अध्यक्ष संघर्षशील साथी मातादीन शर्मा के इलाज हेतु भाई घनश्याम शर्मा अमेठी के एक निवेदन पर हमारे जनपद जौनपुर के तमाम सम्मानित साथियों ने एक मजबूत सहयोग करके हमारे जनपद जौनपुर का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किए हैं। अपने ऐसे सभी दानवीर साथियों को मैं दिनेश चंद्र शर्मा संस्था अध्यक्ष भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था की ओर से आप सभी का बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं, वंदन करता हूं, प्रणाम करता हूं और सब आप के हौसले की दाज देता हूं कि जब भी सहयोग करने के लिए कहीं भी नाम आएगा तो हमारे जनपद जौनपुर का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा।



इस सहयोग की कड़ी में अन्य अन्य शहरों में रहने वाले हमारे तमाम सम्मानित साथियों ने मजबूत सहयोग कर हमारे जनपद व हमारे संगठन भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति का नाम गर्व से ऊंचा कर दिए हैं।

एक बार पुनः सभी सम्मानित साथियों का हृदय तल की गहराइयों से आभार प्रकट करता हूं।

## चुनार दुर्ग में 75 फीट की ऊंचाई पर शान



**संवाद सहयोगी,** चुनार (मीरजापुर) : योगी राज भर्तृहरि की नगरी में गंगा तट पर युगों से अपने वैभवशाली इतिहास के विराट प्रमाण चुनार दुर्ग पर जिला प्रशासन की ओर से 75 फीट की ऊंचाई पर देश की आन- बान और शान राष्ट्र ध्वज तिरंगे को फहराने की तैयारी की जा रही है। पिछले दिनों संपन्न हुए चुनार महोत्सव के दौरान ही डीएम दिव्या मित्तल ने आजादी के अमृत महोत्सव 75 वर्ष की थीम पर चुनार दुर्ग पर 75 फीट ऊंचा राष्ट्र ध्वज फहराने के लिए रूपरेखा तय करते हुए एसडीएम नवनीत सेहरा को निर्देश दिए थे। चुनार दुर्ग आने वाले पर्यटकों के लिए परमानेंट सेल्फी प्वाइंट ह्यस्वागतम ह्यचुनारह्न भी तैयार कराया जा रहा है।

एसडीएम की देखरेख में समुद्र तल से 85 मीटर की ऊंचाई पर अवस्थित चुनार किले के उत्तरी छोर पर स्थित डाक बंगले के सामने तिरंगा फहराने के लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए बेस के साथ पोल को लगाने का काम करीब 50 फीसद पूरा कर लिया गया है। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि डीएम की ओर से दिए गए निर्देश के क्रम में चुनार क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले इस तिरंगे को इतनी ऊंचाई तक स्थापित करने की योजना मूर्तरूप ले सकी। अनुमान लगाया जा रहा है कि राष्ट्रध्वज का अवलोकन वाराणसी की और से चुनार आने वाले लोग मेड़िया, बसारतपुर, खानपुर, मगरा से ही कर लेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष फैब्रिक से तैयार होने वाला तीस फीट लंबा और बीस फीट चौड़ा तिरंगा 24 घंटे फहराएगा और रात के समय इसे रोशन रखने के लिए एलईडी लाइट की व्यवस्था की गई है। एसडीएम ने बताया कि दुमदुमा स्थित महामाया इंडस्ट्रीज द्वारा सीएसआर फंड से ध्वज और सेल्फी प्वाइंट की स्थापना कराई जा रही है।

## पर्यावरण जागरूकता के लिए निकली पदयात्रा



**कछ्वांरोड, वाराणसी ।** एकल अभियान व ग्राम स्वराज मंच के बैनर तले रविवार को राजातालाब में पर्यावरण जागरूकता पदयात्रा निकाली गयी । पदयात्रा के दौरान ग्रामीण हाथों में पौध लेकर पौध लगाये जल बचाये, पौध धरा का भूषण हैं करता दूर प्रदूषण हैं, पौध लगाये जीवन बचाये, सांसे हो रही कम आओ पौध लगाये हम आदि नारे लगाते चल रहे थे । राजातालाब थाना परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान पदयात्रा में आराजीलाइन के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. महेंद्र सिंह पटेल, ग्राम स्वराज मंच के विजय गोंड,भैयालाल, विजय राय (एडवोकेट), देवेंद्र आजाद, प्रभु पाल, पार्वती, अवधेश, प्रदीप, सुरेन्द्र, अनिल, मिथिलेश, जानकी समेत अन्य शामिल रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# बारिश का कहर मध्यप्रदेश में

**संवाददाता सविता मोदी**

**जबलपुर,** मध्यप्रदेश में फिर तेज वर्षा का दौर शुरू हो गया है। मंडला, डिंडौरी, जबलपुर और शहडोल जिले में पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश से हालात बिगड़ गए है। चारों ही जिलों में शुक्रवार को स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है।यहां सभी नर्मदा नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। निचले इलाकों में पानी भर गया है।

जबलपुर के बरगी डैम के 15 गेट खोल दिए गए है। डिंडौरी तो बारिश से जिला टापू बन गया । यहां से जबलपुर, अनूपपुर, उमरिया मंडला मार्ग बंद हो गए हैं। नर्मदा के नए पुल पर पहली बार पानी आ गया गया,पुराना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है।राजधानी भोपाल में भी सुबह से ही बारिश हो रही है। इसके अलावा रायसेन, छिंदवाड़ा और नर्मदापुरम समेत कई जिलों में लगातार वर्षा




हो रही है। जिसे जबलपुर में बरगी डैम लबालब भर गया है। डैम के 15 गेट गुरुवार रात 8 बजे खोले। इसके पहले निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया है ।नरसिंहपुर में गुरुवार को 9 घंटे में 5.3 इंच पानी गिरा है। पचमढ़ी और सिवनी में ढाई इंच, उमरिया में 2 इंच, सतना में डेढ़ इंच, सागर में 1.2 इंच, रायसेन में 1.2 इंच, छिंदवाड़ा-नर्मदापुरम में 1-1 इंच बारिश दर्ज की गई। शिवपुरी, मालंजखंड, खजुराहो, रीवा, ग्वालियर, बैतूल, दमोह, नौगांव, गुना, सीधी, खंडवा, इंदौर, उज्जैन और राजगढ़ में भी बारिश हुई है।मौसम विभाग ने शुक्रवार तक जबलपुर समेत 11 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं 18 जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि ट्रफ लाइन और कम दबाव का एरिया बनने से पूर्वी मध्यप्रदेश में 5 अगस्त तक तेज बारिश होने का अनुमान है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में हल्की बारिश होगी या फिर मौसम साफ रहेगा। गुरुवार रात में बरगी डैम के 15 गेट खोले गए। जबलपुर समेत आसपास के कई जिलों में लगातार बारिश से नर्मदा नदी उफान पर है। जिससे बरगी डैम लबालब भर गया है।

जबलपुर समेत आसपास के कई जिलों में लगातार लगातार बारिश से नर्मदा उफान पर आ गई है। सभी जगह हालात काबू में है।



मौलिक अधिकार पार्टी
के समस्त पदाधिकारियों ,
कार्यकताओं शुभचिंतकों को
मौलिक अधिकार पार्टी के
संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
माननीय जेपी शास्त्री जी की
तरफ से

**स्थापना दिवस की हार्दिक मंगलकामनाएं ढेर सारी बधाइयां...**

संतोष कुमार नंद
राष्ट्रीय सचिव
मौलिक अधिकार पार्टी
केंद्रीय कार्यालय बिरौली
मोतीनगर अयोध्या
92 36 540 134

# मौलिक अधिकार पाने के लिए एक झंडे के नीचे आना होगा - बाबूलाल

**सतना।** देश को आजाद हुए 75 वर्ष बीत गए फिर भी 104 जातियों तक विकास की रोशनी अभी तक नहीं पहुंच पाई



यह जातियां आज भी दुर्दशा का शिकार होकर गरीबी में जीवन यापन कर रही हैं उसका कारण है कि आज तक भारत में जिस किसी की पार्टी की सरकार रही उसने देश की जनता के साथ न्याय नहीं किया आजादी के बाद से अब तक शासन करने वालों ने यदि ईमानदारी के साथ संविधान के भाग 4 अनुच्छेद 36 से 51 तक लागू कर दिया होता तो शोषण का शिकार हो रही अनुसूचित जाति जनजाति व पिछड़ा वर्ग जातियों का वास्तविक विकास हो गया होता उक्त आशय के विचार मौलिक अधिकार पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल सेन द्वारा व्यक्त किए गए उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को वोटरशिप का अधिकार मिल जाने से ही देश के नक्शे से गरीबी रेखा सूची समाप्त हो सकती है। श्री सेन ने कहा कि मौलिक अधिकारों को पाने के लिए उन सभी जातियों को एक झंडे के नीचे आना होगा जो मौलिक अधिकारों से अभी तक वंचित है। कार्यक्रम को डॉक्टर राजकुमार विश्वकर्मा राकेश निगम राजमणि विश्वकर्मा एवं विजय विश्वकर्मा द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ही प्रदेश अध्यक्ष श्री सेन जिला अध्यक्ष राम बिहारी विश्वकर्मा व सचिन मिथुन प्रजापति द्वारा केक काटकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण की परंपरा जिला अध्यक्ष राम बिहारी विश्वकर्मा द्वारा निभाई गई एवं समापन पर आभार प्रदर्शन सचिव मिथुन प्रजापति द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों में धर्मेंद्र पटेल रामनाथ अहिरवार संतोष अहिरवार राकेश विश्वकर्मा नरेश नंदवंशी रामकुमार धीरज कुशवाहा प्रवीण पटेल आदि मौजूद रहे।

# फिल्म निर्देशक, लेखक सीमा कपूर का मुलुंड में सम्मान

**मुंबई-** फिल्म अभिनेता अन्नु कपूर की बहन एवम सुप्रसिद्ध अभिनेता स्व.ओम पुरी की पत्नि सीमा कपूर के मुलुंड आगमन पर केशव पाड़ा, मुलुंड प.पर सम्मान समारोह का आयोजन युवा ब्रिगेड एसोसिएशन एवम महानगरी को. आप.क्रेडिट सोसायटी द्वारा किया गया।



इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह,डॉ. सचिन सिंह, योगेन्द्र श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव,

कवियत्री प्रभा शर्मा, प्राची शर्मा, देवेन्द्र सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा शाल,पुष्प गुच्छ, भेंट वस्तु प्रदान कर

सम्मान किया गया।

सीमा कपूर को 21 वर्ष की आयु में दूरदर्शन पर सीरीयल *कि ले का रहस्य का निर्देशन कर देश की युवा निर्देशक होने का गौरव प्राप्त है। सीमा कपूर निर्देशित व एन. एफ. डी. सी. द्वारा निर्माण की हुई फीचर फि ल्म ह्लहाट द वीकली बाजार ह्ल राष्ट्रीय अवार्ड में नामांकित हुई, व इनकी फि ल्म मिस्टर कबाड़ी आज भी अमेजोन प्राइम पर बहुत बार देखी जा रही है,इस फि ल्म का निर्माण भजन सम्राट अनूप जलोटा के द्वारा किया गया . सीमा कपूर के द्वारा लिखी व निर्देशित सीरियल जी टीवी स्टार टीवी पर सफल रहीं .उनके द्वारा लिखित व निर्देशित फि ल्म हाट को एशियन फि ल्म फेस्टिवल में बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड मिला , अंतरराष्ट्रिय जागरण फि ल्म फेस्टिवल में फि ल्म हाट को बेस्ट स्क्रीन प्ले का अवार्ड मिला . सीमा कपूर की लिखित नाना पाटेकर द्वारा अभिनीत बच्चों की फि ल्म ह्लअभय ह्ल को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

लुप्त हो रही कठपुतली लोक कला को जीवंत रखने और विश्व में इस कला के प्रचार प्रसार हेतु भारत सरकार द्वारा 1984-से 1986 तक भेजा गया। उन्हे उत्कृष्ट फिल्म लेखन हेतु कई पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

जल्द ही उनके द्वारा लिखित, निर्देशित एवम निर्माण की गई 130 एपिसोड की सीरियल ह्लअवंतिकाह्ल दूरदर्शन पर दिखाई जायेगी।

## मित्रता दिवस पर



अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक

सुधियों का सतरंगी उजास
वक़्त के साथ
बौने हो जाते हैं
पद, प्रतिष्ठा और प्रदर्शन

बिखरने लगता है
संबंधों का मेला
रह जाता है बावरा मन
निपट अकेला

बेचैन कर देती है
अकेलेपन की पीड़ा
घिर आता है अवसाद का
घनघोर अंधेरा

तभी, फूटता है
सुधियों का सतरंगी उजास
बचपन के कई बिम्ब
दिखाई देते हैं असंबद्ध किंतु साफ

बढ़ने लगता है शोर
दोस्तों की हुड़दंगी टोलियों का
वही, जो थे रुपहले सपनों के साथी
जीने-मरने पर उतारू था
एक-एक सहपाठी

बचने के लिए जिनसे
खड़ी कर ली ऊँची दीवार
ताकि, न दे सके कोई
दोस्ती का वास्ता
बचपन का प्यार

तोड़-फांद उसे
उड़ना है अब मस्तानों संग
कि जैसे उड़ते हैं पंछी
अपनी धुन, अपनी रौ में

वर्षों बाद, जब थके कदम
लौटते हैं अपनी मिट्टी पर
खो गए होते हैं संगी-साथी
नहीं दिखाई देता नन्हे कदमों का
कोई निशान....

# मौलिक अधिकार पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया





**5 अगस्त को वाराणसी राजातालाब में मौलिक अधिकार पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जे पी शास्त्री ने अतिपिछड़ा समाज को सभी क्षेत्रों में 40. 5 भागेदारी कराने की वकालत की और कहा उत्तर प्रदेश में 166 सीटें विधानसभा में और भारत के लोकसभा 136 पार्टी भागीदारी कराएगी। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा के बताए कि 1857 अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल बजा तो अंग्रेजो की दमनकारी नीतियों व आतंक पुरी मानवता को झकझोर दिया तब देश में सबसे बड़ी समस्या खड़ी हुई इनसे लड़े गा कोन देश बुद्धजीवियों, नाई, लोहार,कोहार,कहार कसेरा,ठठेरा बलबुते 1947 आजादी तो मिलीं लेकिन आजादी से कोसों दूर हैं। हम धन्यवाद देना चाहते माननीय जे पी शास्त्री जी को अधिकार वंचित समाज को धरातल लाकर खड़ा कर दिया है। शासन प्रशासन से अपने अधिकार के लड़ने लिए तैयार है। वहीं कार्यक्रम प्रभारी एडवोकेट संगीता विश्वकर्मा ने महिलाओं को सभी क्षेत्रों 50 प्रतिशत भागीदारी की वकालत की । कार्यक्रम की अध्यक्षता के पी सविता ने की वक्ताओं में वाराणसी जिला अध्यक्ष विमलेश शर्मा, एडवोकेट रामरेणु चंदन, एडवोकेट विवेक शर्मा, अमृतलाल, मनीष कुमार, संजय धिमान, विनोद शर्मा, अमरजीत विश्वकर्मा, अंगद जी, साथ दर्जनों लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम जिला कार्यालय सन्तोष शर्मा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।**



**वैजापुर के प्रसिद्ध लोकाभिमुख डॉ, आनंद मेमोरियल ट्रस्ट के आनंद ग्रुप ऑफ मेडिकल के लोकार्पण समारोह में वैजापुर के नगराध्यक्ष सौ शिल्पा ताई परदेशी के साथ महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार** khandalkar



Zp **सदस्य पंकज** thombre,
**पत्रकार, मार्केट कमेटी सदस्य, मर्चेंट बैंक के नव निर्वाचित सदस्य प्रशांत त्रिभुवन, ठेकेदार पालेजा के साथ महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार** khandalkar



# संगठन ने मदद का एक अनूठा उदाहरण पेश किया

**सुल्तानपुर.** जनपद सुल्तानपुर के तहसील लंभुआ के तहसील अध्यक्ष भाई मातादीन शर्मा जो गले में कैंसर की बीमारी के चलते अपना इलाज करा पाने में असमर्थ थे, ऐसे में उनके सहयोग के लिए आगे आए एम डब्ल्यू ओ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम शर्मा और अपने समाज के लोगों से की एक अपील।



टहड उत्तर प्रदेश संगठन की ओर से घनश्याम शर्मा की तरफ से किए गए अपील का असर इतना बड़ा हुआ कि पड़ोसी जनपदों से भी लोगों ने दिल खोलकर सहयोग किया जिसमें जनपद जौनपुर के आदरणीय दिनेश चंद्र शर्मा संस्था अध्यक्ष भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जौनपुर उत्तर प्रदेश का विशेष सहयोग रहा। दानदाताओं को दिल की अनंत गहराइयों से हार्दिक आभार प्रकट करते हुए आप सभी को इस नेक व पुनीत कार्य करने के लिए आप सभी का आभार प्रकट करते हुए बहुत-बहुत बधाई देता हू।




राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना महाराष्ट्र प्रदेश के प्रधान महासचिव सेना के सर्वे सर्वा गोंदिया निवासी श्री बालाजी सरकार के परम भक्त श्री हर्षल जी पवार को जन्मदिन की हार्दिक- बधाई वह उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं श्री बालाजी महाराज वह नारायणी माता आपकी हर मनोकामना पूरी करें आपका जीवन स्वस्थ तंदुरुस्त, खुशियो भरा रहे ईसी शुभ कामना के साथ धुवारिया परिवार राजस्थान. श्री नारायणी सेना महाराष्ट्र- प्रदेश प्रभारी- विक्रम धुवारिया

























यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com